आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड
IREL (India) Limited
भारत सरकार का उपक्रम- परमाणु ऊर्जा विभाग
(A Govt. of India Undertaking – Dept. of Atomic Energy)
प्लॉट नं.1207, वीर सावरकर मार्ग, सिद्धिविनायक मंदिर के पास, प्रभादेवी, मुंबई-400028
Plot No.1207, Veer Savarkar Marg, Near Siddhivinayak Temple, Prabhadevi, Mumbai- 400028
CIN: U15100MH1950GOI008187

**विज्ञापन सं./Advt.No.CO/HRM/23/2023**

## नियमित आधार पर, कार्यकारियों एवं गैर-संघीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के लिए विस्तृत विज्ञापन

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का एक मिनी रत्न श्रेणी-I उपक्रम है, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय मुंबई में है और इल्मेनाइट, रुटाइल, जिरकॉन, सिल्मेनाइट, गार्नेट आदि का उत्पादन करने के लिए चवरा (केरल), मणवालकुरिच्चि (तमिलनाडु) और उड़ीसा सैंड कॉम्प्लेक्स (ऑसकॉम) (ओडिशा) में उसके परमाणु खनिज खनन और खनिज पृथक्करण संयंत्रों का प्रचालन कर रहा है। आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने ओडिशा में एक रेअर अर्थ्स एक्सट्रैक्शन प्लांट (आरईईपी) की स्थापना की है जिसमें लगभग 11,000 टन रेअर अर्थ कॉन्सेंट्रेट का उत्पादन करने की क्षमता है एवं रेअर अर्थ्स प्रभाग, अलुवा में स्वतंत्र रूप से रेअर अर्थ ऑक्साइड/कार्बोनेट्स का उत्पादन करने के लिए अलग हाई प्योर रेअर अर्थ्स (एचपीआरई) संयंत्र स्थापित किया है। आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने ओडिशा के गंजाम जिले में एक नया परमाणु खनिज खनन (मिनरल माइनिंग) एवं खनिज पृथक्करण संयंत्र (मिनरल सिपरेशन प्लांट) स्थापित करने के लिए ओडिशा औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के साथ एक संयुक्त उद्यम भी स्थापित किया है। इसके अलावा, कंपनी की आगामी प्रतिष्ठित परियोजनाओं में भोपाल, मध्य प्रदेश में रेअर अर्थ और टाइटेनियम थीम पार्क शामिल हैं।

भविष्य के विकास और परिवर्तन की चुनौतियों का प्रबंधन करने के लिए, आईआरईएल ऑनलाइन मोड के माध्यम से अपनी विभिन्न परियोजनाओं/इकाईयों/कार्यालयों के लिए निम्नलिखित पदों (नियमित) के लिए योग्य, प्रतिभाशाली, अनुभवी, ऊर्जावान और गतिशील भारतीय नागरिकों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय | 12.12.2023 (14:00 बजे से) |
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 03.01.2024 (14:00 बजे तक) |

## 1.0 रिक्तियों/पदों का विवरण

| पद का नाम | पदों की संख्या | वेतनमान (आईडीए)/ ग्रेड / लगभग वार्षिक सीटीसी (रुपये में) | निर्धारित न्यूनतम योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक योग्यता के बाद का अनुभव (वर्षों में) | ऊपरी आयु-सीमा (वर्षों में) |
|---|---|---|---|---|---|
| मुख्य प्रबंधक (वित्त) | 1 | 80000-220000/ ई-5/ 23.9 लाख | योग्य चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए)/ कॉस्ट अकाउंटेंट (सीएमए) या बी.कॉम और एमबीए (वित्त) या इसके समकक्ष। | 13 | 42 |
| वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) | | 70000-200000/ ई-4/ 20.9 लाख | | 10 | 38 |
| उप प्रबंधक (वित्त) | 1 | 50000-160000/ ई-2/ 14.9 लाख | | 5 | 32 |
| सहायक प्रबंधक (वित्त) | | 40000-140000/ ई-1/ 11.9 लाख | | 2 | 28 |

**कार्य विवरण:**

पदाधिकारी को कार्य करने की आवश्यकता होगी

- लेखापरीक्षा, बिक्री लेखांकन, ट्रेजरी प्रबंधन, बिलों में समझौता/छूट, लागत, परियोजना लेखांकन, एमआईएस, बजटीय नियंत्रण, आंतरिक लेखापरीक्षा सहित लेखा को अंतिम रूप देना।
- निविदा प्रक्रियाओं, कम्प्यूटरीकृत लेखा और जोखिम प्रबंधन में कार्य का अनुभव वांछित है।
- प्रशासनिक कर्मियों और वरिष्ठ प्रबंधन के बीच संपर्क के रूप में कार्य करना, आवशकताओं एवं चिंताओं को संप्रेषित करना, ताकि शीघ्रता से उनका निवारण किया जा सके।
- प्रशासनिक कर्मियों के साथ संवाद करके और आवश्यकतानुसार, इसे कार्य प्रगति में समायोजित करते हुए, विशिष्ट वित्तीय उद्देश्यों को प्राप्त करना।
- सभी प्रशासनिक गतिविधियों के लिए सहायता प्रदान करना।

| पद का नाम | पदों की संख्या | वेतनमान (आईडीए)/ ग्रेड / लगभग वार्षिक सीटीसी (रुपये में) | निर्धारित न्यूनतम योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक योग्यता के बाद का अनुभव (वर्षों में) | ऊपरी आयु-सीमा (वर्षों में) |
|---|---|---|---|---|---|
| उप प्रबंधक (तकनीकी) | 3 | 50000-160000/ ई-2/ 14.9 लाख | धातुकर्म (मेटालर्जी)/ सामग्री विज्ञान/ रसायन में बी.ई/बी.टेक | 5 | 32 |
| सहायक प्रबंधक (तकनीकी) | | 40000-140000/ ई-1 11.9 लाख | | 2 | 28 |

**कार्य विवरण:**

- उत्पादन एवं रखरखाव सहित संयंत्र संचालन के सभी चरणों का व्यापक पर्यवेक्षण करना।

- सुविधा की सुरक्षा और परिचालन क्षमता को सुनिश्चित करने सहित संयंत्र की सुविधा के दैनिक संचालन का प्रबंधन करना।
- उत्पादन एवं निष्पादन रिपोर्ट की तैयारी, विश्लेषण और इसे जारी करने सहित संयंत्र की प्रक्रियाओं का परीक्षण एवं इसपर निगरानी करना।
- सभी प्रशासनिक रिकॉर्ड का रखरखाव करना।
- नियमों, विनियमों और प्रक्रियाओं के अनुपालन की निगरानी करना।
- परिचालनीय बजट को तैयार करना और इसे नियंत्रित करना।
- व्यापक प्रक्रिया में सुधार करने के लिए कार्यभार सहित एक व्यापक निवारक रखरखाव के कार्यक्रम को विकसित और कार्यान्वित करना।

| **पद का नाम** | **पदों की संख्या** | **वेतनमान (आईडीए)/ ग्रेड / लगभग वार्षिक सीटीसी (रुपये में)** | **निर्धारित न्यूनतम योग्यता** | **न्यूनतम प्रासंगिक योग्यता के बाद का अनुभव (वर्षों में)** | **ऊपरी आयु-सीमा (वर्षों में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| तकनीकी पर्यवेक्षक | 4 | 26500-72000/ एस-2 ग्रेड रु. 7.9 लाख | धातुकर्म (मेटालर्जी)/ सामग्री विज्ञान में डिप्लोमा | 6 | 33 |
| कनिष्ठ तकनीकी पर्यवेक्षक | | 25000-68000/ एस-1 ग्रेड रु. 7.4 लाख | | 3 | 30 |

**कार्य विवरण:**

- प्रक्रिया संचालन के विशेष धातुकर्म (मेटालर्जी) के निष्पादन संकेतो की निगरानी और विश्लेषण करना।
- परिचालन मानदंडों को अनुकूलित करके संयंत्र परिचालन के निष्पादन में सुधार करना।
- अपशिष्ट और देरी को कम करना; लागत में कटौती को बढ़ावा देना; और उच्च स्तर की परिचालन क्षमता को प्राप्त करना।
- एक सुरक्षित और कुशल, कार्य वातावरण को बनाए रखना।
- टूल्स, उपकरण, स्पेयर पार्ट्स और उपभोग्य सामग्रियों का प्रबंधन करना।
- रिपोर्ट तैयार करने हेतु डेटा को एकत्र करना, उसका विश्लेषण करना और तत्पश्चात, इसे सारांशित करना।
- विभिन्न सेवाओं को प्रदान करने के लिए, निर्माण-स्थान पर लगे हुए कर्मचारियों/उप-ठेकेदारों के काम की निगरानी करना।

*सीटीसी को एक्स श्रेणी के शहर में लागू एचआरए के तहत प्रस्तुत किया गया है।
# दिखाए गए सीटीसी में निष्पादन संबंधित वेतन (पीआरपी) शामिल नहीं है।

(a) उपरोक्त में उल्लिखित, कोर्स पूर्णकालिक/नियमित रूप में होने चाहिए और राज्य/केंद्र सरकार/यूजीसी/एआईसीटीई (जो भी लागू हो) द्वारा मान्यता प्राप्त होने चाहिए।

(b) उपरोक्त सभी योग्यता यूआर/ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर)/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के संबंध में "प्रथम श्रेणी" (कुल 60% अंक) और एससी/एसटी के उम्मीदवारों के संबंध में कुल 55% अंकों के साथ होनी चाहिए। **योग्य सीए/सीएमए उम्मीदवार के लिए 60%/55% के अंकों की आवश्यकता लागू नहीं होगी।**

(c) किसी विशेष योग्यता की स्वीकार्यता या अन्यथा के बारे में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड के प्रबंधन का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

(d) उपरोक्त पद के लिए, उपर्युक्त उम्मीदवारों के पास अच्छा संचार एवं व्यवहार कौशल होना आवश्यक है।

(e) स्वचालित वातावरण में काम करने की क्षमता एवं कार्यालय स्वचालन उपकरणों में कुशलता आवश्यक है।

(f) **वित्त विभाग के लिए केवल 02 (दो), ई-5/ई-4 के लिए 01 (एक) और ई-2/ई-1 ग्रेड के लिए 01 (एक) रिक्तियां मौजूद हैं। इसी प्रकार, तकनीकी कार्यकारी ई-1/ई-2 ग्रेड में केवल 03 (तीन) रिक्तियां और गैर-संघीय पर्यवेक्षक एस1/एस2 ग्रेड में 04 रिक्तियां मौजूद हैं।**

(g) **प्रबंधन के पास, साक्षात्कार में उनके प्रदर्शन और उम्मीदवार की इच्छा के अनुसार, उम्मीदवार को किसी भी कनिष्ठ पद की पेशकश करने का अधिकार सुरक्षित है। हालाँकि, उम्मीदवारों को केवल एक रिक्ति/ग्रेड के लिए आवेदन करने की अनुमति है।**

नोट: **यह ध्यान दिया जा सकता है कि उपरोक्त सभी पदों के संबंध में, जिन भागों/क्षेत्रों में अनुभव की मांग की गई है, उन्हें इसमें शामिल किया गया है, परंतु यह स्थिति उपरोक्त तालिकाओं में सूचीबद्ध लोगों तक सीमित नहीं हैं।**

## 2.0 वेतन एवं भत्ता:

मूल वेतन न्यूनतम वेतनमान पर निश्चित की जाएगी, हालांकि, नियुक्ति प्राधिकारी के निर्णय पर लागू मानदंडों के अनुसार योग्य उम्मीदवारों के लिए उच्च प्रारंभिक वेतन पर विचार किया जाएगा।

मूल वेतन के अलावा, महंगाई भत्ता, लागू एचआरए/कंपनी आवास, अनुलाभ और भत्ते, आवधिक वेतन वृद्धि, अवकाश नकदीकरण, स्वयं और आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, ऋण और अग्रिम, पीएफ, उपदान, प्रदर्शन संबंधित वेतन (पीआरपी), वर्दी जैसे आदि लाभ प्रदान किए जाएंगे।

## 3.0 तैनाती का स्थान:

पदाधिकारी कंपनी की किसी भी इकाई/कार्यालय/प्रतिष्ठान में स्थानांतरित होने के लिए उत्तरदायी हैं।

## 4.0 आयु में छूट:

### a) आयु सीमा में छूट:

i. आरक्षण लाभ का दावा करने वाले उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अपेक्षित जाति/विकलांगता/अन्य प्रासंगिक प्रमाण पत्र को प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

ii. विभिन्न श्रेणियों के लिए आयु में छूट निम्नानुसार है: -

| **श्रेणी** | **आयु में छूट (वर्षों में)** |
|---|---|
| यूआर / ईडब्ल्यूएस | शून्य |
| ओबीसी (एनसीएल) | 3 |
| एससी/एसटी | 5 |
| पीडब्ल्यूबीडी - यूआर / ईडब्ल्यूएस | 10 |
| पीडब्ल्यूबीडी - ओबीसी (एनसीएल) | 10+3 |
| पीडब्ल्यूबीडी - एससी/एसटी | 10+5 |
| भूतपूर्व सैनिक और कमीशन अधिकारी | रक्षा सेवाओं में प्रदान की गई सेवा की वास्तविक अवधि + 3 वर्ष |

| | |
|---|---|
| केंद्र/राज्य सरकार/अर्ध-सरकारी/पीएसयू/ सरकार स्वायत्त संगठन | 5 वर्ष। |
| 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि के दौरान जम्मू और कश्मीर का अधिवास प्रमाण | **यह छूट अन्य श्रेणियों में दी गई छूट से अधिक नहीं होगी।** |

किसी भी स्थिति में आवेदक की अधिकतम आयु (सभी छूट सहित) 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## 5.0 आरक्षण:

| ग्रेड | यूआर | ईडब्ल्यूएस | एससी | अनुसूचित जनजाति | ओबीसी (एनसीएल) |
|---|---|---|---|---|---|
| ई-5 | 1 | | | | |
| ई-4 | | | | | 1 |
| ई-2 | 1 | 2 | 1 | | 1 |
| ई-1 | 2 | 1 | 1 | | 1 |
| एस-2 | 1 | | 1 | 1 | 1 |
| एस-1 | 1 | | 1 | 1 | 1 |

## 6.0 पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए पदों की उपयुक्तता:

| पद का नाम | भौतिक आवश्यकताएँ | नौकरियों के लिए उपयुक्त दिव्यांगो की श्रेणियाँ |
|---|---|---|
| मुख्य प्रबंधक/वरिष्ठ प्रबंधक/उप प्रबंधक/सहायक प्रबंधक (वित्त) | एस, बीएन, आरडब्ल्यू एमएफ, एसई, सी | ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए, एचएच |
| सहायक प्रबंधक/उप प्रबंधक (तकनीकी) | पद की भूमिका को देखते हुए, यह पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त नहीं है | |
| कनिष्ठ तकनीकी पर्यवेक्षक/तकनीकी पर्यवेक्षक | | |

संक्षिप्ताक्षरों का प्रयोग:

एस=बैठना, बीएन=झुकना, आरडब्ल्यू=पढ़ना और लिखना, एमएफ=उंगलियों का प्रयोग, एसई=देखना, सी=संचार करना।

ओए = एक हाथ, ओएल = एक पैर, बीएल = दोनों पैर, ओएएल = एक हाथ और एक पैर, बीएलओए = दोनों पैर और एक हाथ, एचएच = श्रवण विकलांग

नियुक्त किए गए पीडब्ल्यूबीडी को संबंधित श्रेणियों जैसे यूआर/ईडब्ल्यूएस/एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल) की रिक्ति के प्रतिकूल समायोजित किया जाएगा।

## 7.0 सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से उम्मीदवारों के आवेदनों को अग्रेषित करना

(a) राज्य/केंद्र सरकार/अर्ध-सरकारी/स्वायत्त निकायों/राज्य और केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों आदि में कार्यरत व्यक्तियों को अपने आवेदन को सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ उचित माध्यम से अग्रेषित करना आवश्यक है या साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह भी लिखा होना चाहिए कि आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड में उनकी नियुक्ति के रूप में उनके चयन के कारण, उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया है, यदि उनके द्वारा यह प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो उन्हें साक्षात्कार में भाग लेने हेतु अनुमति नहीं दी जाएगी।

(b) डीपीई के तहत सूचीबद्ध केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) से उम्मीदवारों के चयन की स्थिति में, संबंधित नियमों के अधीन लिखित सहमति और वर्तमान नियोक्ता से निधि के हस्तांतरण के साथ आईआरईएल को सेवा लाभ हस्तांतरित किए जा सकते हैं।

(c) डीपीई के तहत सूचीबद्ध सीपीएसई के अलावा अन्य उम्मीदवार केवल तत्काल आधार पर विचार किए जाने के पात्र होंगे और सेवा लाभों के हस्तांतरण के हकदार नहीं होंगे।

(d) चयन की स्थिति में, ऐसे सभी उम्मीदवारों को आईआरईएल में शामिल होने की अनुमति, केवल, उनके पिछले नियोक्ता से उचित कार्यमुक्ति के आदेशों को प्रस्तुत करने के पश्चात ही दी जाएगी।

(e) विभागीय (आंतरिक) उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा और आवेदन की हार्ड कॉपी उचित माध्यम से अग्रेषित करनी होगी।

## 8.0 चयन का तरीका:

कार्यकारी संवर्ग में विभिन्न पदों के लिए पात्र आवेदकों के चयन का तरीका साक्षात्कार/साइकोमेट्रिक परीक्षण/समूह अभ्यास या इनके संयोजन के माध्यम से होगा।

**नोट:** कंपनी के पास आवश्यकता के मामले में लिखित परीक्षा या कोई अन्य परीक्षा आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित है।

## 9.0 पूर्व-रोजगार चिकित्सा परीक्षा:

सेवाओं में शामिल होने से पहले, चयनित उम्मीदवारों को कंपनी द्वारा आयोजित चिकित्सा परीक्षा से गुजरना होगा और जिसमें सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

## 10.0 चरित्र और पूर्ववृत्त सत्यापन:

चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति, संबंधित अधिकारियों के माध्यम से 'चरित्र एवं पूर्ववृत्त' और 'विशेष सत्यापन' तथा कंपनी के नियमों के अनुसार अनुभव सत्यापन आदि के अधीन है।

## 11.0 चयनित उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची:

उचित प्रतीक्षा सूची तैयार की जाएगी और यह एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होगी। तथापि, इस संबंध में प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का अनुपालन किया जाएगा।

**12.0 तैनाती का स्थान:** चयनित उम्मीदवारों को नीचे बताए गए स्थानों पर तैनात किया जाएगा:

| पद का नाम | तैनाती का स्थान |
|---|---|
| मुख्य प्रबंधक/वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) | आरईपीएम, विजाग, आंध्र प्रदेश |
| उप प्रबंधक/सहायक प्रबंधक (वित्त) | आरईटीटीपी, भोपाल, मध्य प्रदेश |
| उप प्रबंधक/सहायक प्रबंधक (तकनीकी) | आरईपीएम, विजाग, आंध्र प्रदेश / आरईटीटीपी, भोपाल, मध्य प्रदेश |
| तकनीकी पर्यवेक्षक/कनिष्ठ तकनीकी पर्यवेक्षक | |

**नोट:** पदाधिकारी कंपनी की किसी भी इकाई/कार्यालय/प्रतिष्ठान में स्थानांतरित होने के लिए उत्तरदायी हैं।

**13.0 आवेदन शुल्क:**

ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करते समय उम्मीदवारों द्वारा ₹ 500/- (केवल पाँच सौ रुपये) (जीएसटी सहित) का गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क का भुगतान किया जाना आवश्यक है। आवेदन शुल्क के भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। अत: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन शुल्क के भुगतान से पहले अपनी पात्रता की जाँच अवश्य कर लें।

**नोट:** एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम श्रेणी के उम्मीदवारों, महिलाओं और आंतरिक उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान में छूट दी गई है।

**14.0 आवेदन कैसे करें:**

**a. ऑनलाइन आवेदनों को भरने के लिए उम्मीदवारों द्वारा अनुसरण की जाने वाली, क्रम-वार कार्रवाईयाँ निम्नानुसार हैं:**

i. आईआरईएल वेबसाइट के करियर अनुभाग में जाएँ और ऑनलाइन आवेदन के बटन पर क्लिक करें।

ii. महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ें और (√) 'मैं सहमत हूँ (आई एग्री)' बटन पर क्लिक करें।

iii. आवश्यक विवरण *(पद के लिए आवेदन, नाम, मूल श्रेणी, श्रेणी के लिए आवेदन, पीडब्ल्यूडी श्रेणी, मोबाइल और ई-मेल आईडी में पंजीकरण करें और सबमिट बटन पर क्लिक करें)।*

iv. अपने ई-मेल और मोबाइल नंबर पर प्राप्त आवेदन अनुक्रम संख्या, उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड की जाँच करें।

v. ई-मेल के माध्यम से प्राप्त यूजर आईडी और पासवर्ड दर्ज करके अपने अकाउंट में फिर से लॉगिन करें।

vi. आवेदन फार्म भरें और फोटो, हस्ताक्षर और प्रासंगिक दस्तावेज अपलोड करें।

vii. आवेदन पत्र के पूर्वावलोकन, यदि कोई हो, की जाँच करें एवं सुधार करें।

viii. सबमिट बटन दबाएँ।

ix. भविष्य के संदर्भ के लिए अपने आवेदन फार्म का प्रिंटआउट निकालें।

**नोट**: - भरे हुए आवेदन पत्र की **हार्ड कॉपी** आईआरईएल को न भेजें।

**b. आवेदन भरने के लिए सामान्य निर्देश**

i. उम्मीदवार विज्ञापन में उल्लिखित योग्यता एवं पात्रता मानदंड के अनुसार केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन करेंगे।

ii. ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार को निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज/जानकारी को अपने साथ तैयार रखने की आवश्यकता है:

(a) ई-मेल आईडी (कम से कम एक वर्ष के लिए वैध हो)।

(b) मोबाइल नंबर (कम से कम एक वर्ष के लिए वैध हो)।

(c) व्यक्तिगत, शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव का विवरण।

(d) jpg/jpeg फॉर्मेट (साइज-20kb-50kb) में वर्तमान फोटो की स्कैन कॉपी।

(e) काली स्याही वाले पेन से हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी (jpg/jpeg फॉर्मेट में)। साइज (10kb-20kb)

(f) निम्नानुसार दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां (पीडीएफ प्रारूप में), इस प्रकार है:

- ❖ जन्म तिथि का दस्तावेजी प्रमाण (मैट्रिक/10वीं/12वीं/एचएससी प्रमाण पत्र)।
- ❖ **केवल योग्यता पात्रता के प्रमाण पत्र एवं अंक सूची**।
- ❖ अनुभव के समर्थन में, यदि कोई हो, अनुभव प्रमाण पत्र / दस्तावेज।
- ❖ विकलांग उम्मीदवारों के मामले में निर्धारित प्रारूप में पीडब्ल्यूडी प्रमाण पत्र।
- ❖ भूतपूर्व सैनिकों के मामले में सेवा प्रमाण पत्र।

## 15.0 सामान्य शर्तें एवं निर्देश:

a. केवल भारतीय नागरिकों को आवेदन करने की आवश्यकता है। केवल आवेदन जमा करने से, उन्हें स्क्रीनिंग या नियुक्ति का दावा करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

b. शैक्षिक योग्यता, आयु और अनुभव के लिए पात्रता की गणना के लिए कट-ऑफ तिथि **03.01.2024 (ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि)** होगी।

c. एक उम्मीदवार केवल एक ही विषय के लिए आवेदन कर सकता है। एक से अधिक विषयों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार के आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा। एक ही विषय के संबंध में विभिन्न आवेदनों के मामले में, उम्मीदवार द्वारा किए गए अंतिम आवेदन को ही अंतिम माना जाएगा और अंतिम से पहले किए गए अन्य सभी आवेदनों को शून्य एवं रिक्त माना जाएगा।

d. उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है कि आवेदन करते समय वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करते हुए, सभी मामलों में, उनके द्वारा प्रस्तुत विवरण सही हों। हर स्तर पर उनकी उम्मीदवारी विशुद्ध रूप से अस्थायी होगी। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पता लगाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है और/या इस विज्ञापन की अन्य आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं करता है और/या उसने कोई त्रुटि या गलत जानकारी दी है या किसी वास्तव जानकारी को छुपाया है, तो उसका/उसकी उम्मीदवारी रद्द होने के लिए उत्तरदायी होगी। यदि नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त में से कोई भी कमी पाई जाती है/होती है तो उसकी सेवाएं बिना किसी नोटिस के समाप्त कर दी जाएंगी।

e. साक्षात्कार आदि के संबंध में सूचना केवल ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी।

f. परीक्षण (यदि कोई हो) और/या साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को विनियमित करने के लिए, यदि आवश्यक हो, तो प्रबंधन न्यूनतम पात्रता मानकों/मानदंडों को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। प्रबंधन साक्षात्कार में उनके प्रदर्शन और उम्मीदवार की इच्छा के आधार पर किसी भी उम्मीदवार को निम्न पद की पेशकश करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, हालांकि इस कारण से नहीं कि उम्मीदवार के पास अधिसूचित की तुलना में कम योग्यता या कम वर्षों का अनुभव मौजूद है।

g. लिखित परीक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया पूर्णतः अस्थायी होगी। उनकी उम्मीदवारी, साक्षात्कार के समय या इसके बाद के चरण में विवरण/दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन होगी।

h. केवल उपरोक्त योग्यता और अनुभव को पूरा करने से कोई भी उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं होगा। केवल लघु-सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। आवश्यकतानुसार, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षण/साक्षात्कार पर विचार किया जा सकता है। परीक्षण/साक्षात्कार की प्रक्रिया (जैसा भी मामला हो) के तौर-तरीके, उन्हें अलग से सूचित किए जाएंगे।

i. मूल प्रमाणपत्रों का सत्यापन केवल साक्षात्कार के समय किया जाएगा। ऑनलाइन साक्षात्कार के मामले में, चयनित उम्मीदवारों के शामिल होने से पहले मूल दस्तावेजों का सत्यापन बाद में किया जाएगा। यदि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करते है, तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी, किसी भी स्थिति में रद्द कर दी जाएगी।

j. टिकट के संबंध में कंपनी के नियमों के अनुसार सबसे छोटे मार्ग से साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों (आमने-सामने साक्षात्कार के मामले में) को साक्षात्कार के स्थान तक उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए, पत्राचार के पते के निकटतम रेलवे स्टेशन से टिकट प्रस्तुत करने पर III-एसी रेल किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी। अन्य तरीकों से यात्रा करने वाले उम्मीदवारों को III-एसी रेल किराये तक सीमित खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

k. आवश्यकताओं के आधार पर, कंपनी बिना किसी नोटिस के और बिना कोई कारण बताए पदों की संख्या बढ़ाने/घटाने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आईआरईएल विज्ञापन/भर्ती प्रक्रिया और/या चयन प्रक्रिया को, बिना कोई नोटिस जारी किए या कोई भी कारण बताए बिना, इसे रद्द/प्रतिबंधित/संशोधित/बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

l. उपरोक्त सभी शर्तें योग्यता, अनुभव, आयु सीमा आदि आईआरईएल के आंतरिक उम्मीदवारों के लिए समान रूप में लागू होते हैं।

m. योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पहले अपना आवेदन करें। आवेदक द्वारा उठाए गए प्रश्नों और उसके प्रति उत्तर न मिलने के कारण, आवेदन जमा करने में होने वाली किसी भी देरी के लिए, आईआरईएल प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

n. चयनित नहीं किए गए उम्मीदवारों के रिकॉर्ड को साक्षात्कार की तिथि या पद(दों) के लिए अगले विज्ञापन के प्रकाशन, जो भी पहले हो, से 01 वर्ष से अधिक अवधि के लिए सुरक्षित नहीं किए जाएंगे।

o. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति कंपनी के नियमों के अनुसार चिकित्सा योग्यता, संबंधित अधिकारियों से चरित्र एवं पूर्ववृत्त (सी एंड ए) के सत्यापन, अनुभव सत्यापन आदि के अधीन है।

p. डाक पता/ईमेल-आईडी/श्रेणी/पदों और घोषित की गई अन्य जानकारी के परिवर्तन के लिए अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

q. इस विज्ञापन के प्रतिकूल भर्ती के संबंध में किसी भी विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में शुरू की जा सकती है। केवल मुंबई में न्यायालयों/मंचों/अधिकरणों के पास ऐसे किसी भी मामले/विवाद की सुनवाई करने का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार होगा।

r. उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में किसी टाइपोग्राफिकल त्रुटि या चूक/स्पष्टीकरण/शुद्धिपत्र/ परिशिष्ट के मामले, केवल हमारी आधिकारिक वेबसाइट http://www.irel.co.in पर उपलब्ध कराए जाएंगे। आगे कोई प्रेस सूचना नहीं दी जाएगी। इसलिए, संभावित आवेदकों को उपरोक्त उद्देश्य के लिए नियमित आधार पर आईआरईएल की वेबसाइट http://www.irel.co.in को देखने की सलाह दी जाती है।

s. 'अधूरे आवेदन' खारिज कर दिए जाएंगे एवं आगे इसपर कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

t. उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया के संबंध में सभी पत्राचार/घोषणाएं केवल कंपनी की वेबसाइट पर ई-मेल/नोटिस के माध्यम से दी जाएंगी। साक्षात्कार के कॉल लेटर को डाउनलोड/प्रिंट करना, उम्मीदवार की जिम्मेदारी होगी।

u. उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई अमान्य / गलत ईमेल आईडी या किसी अन्य कारण से भेजे गए, ईमेल के किसी भी हानि के लिए कंपनी जिम्मेदार नहीं होगी। उम्मीदवार के ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर कम से कम एक वर्ष के लिए वैध होने चाहिए।

v. उम्मीदवार, किसी भी समस्या की स्थिति में, वे कंपनी की ईमेल आईडी: hrmrect-ho@irel.co.in पर ईमेल भेज सकते हैं।

w. समस्याओं का समाधान: समस्या एवं इसपर विचार के संबंध में आईआरईएल का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

x. अंग्रेजी या हिंदी संस्करण में व्याख्या के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी अस्पष्टता/विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण को ही अंतिम माना जाएगा।

y. आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी पक्ष-वाद या पक्ष-वाद के प्रयास के संबंध में, उसकी उम्मीदवारी को खारिज किया जा सकता है।

'यदि कोई मुद्रण त्रुटियां हो तो उसके लिए आईआरईएल जिम्मेदार नहीं है।'

x-x-x-x-x-x